2. Number of posts, Classification and Scale of pay :- The number of the posts, Classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed hereto.

3. The method of recruitment, age limit and qualifications etc.:- The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule.

4. Disqualifications :- No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax :- where the Central Government is opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving - Nothing in these rules shall affect reservation, and other concessions required to be provided to the Scheduled Castes Scheduled tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	No of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-selection post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits.
1	2	3	4	5	6	7
Statistician	1	General Central Service, Class II Non-Gazetted (Non-Ministerial)	Rs. 550-25-750-EB-30-900	Not applicable	30 years (Relaxable for Govt. servants)	Essential : (i) Master's degree in statistics, Mathematics or Commerce or Economics (with Statistics) of a recognised University or equivalent. OR Degree of a recognised University with Mathematics or Statistics or Economics as subject and 2 years' post Graduate training in Statistics at a recognised Statistical Institute. (ii) 2 years experience of statistical work involving collection, Compilation and interpretation of Statistical data. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union publi Service Commission in case o candidates otherwise we qualified).

Whether age and educational qualification prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Period of Probation, if any.	Method of recruitment Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or transfer and percentage or the vacancies to be filled by various methods..	In case of recruitment by promotion or deputation or transfer, grades from which promotion or deputation or transfer to be made.	If a departmental promotion Committee exists what is its Composition.	Circumstances in which Union public service Commission is to be consulted in making recruitment.
8	9	10	11	12	13
Not applicable	2 years	By direct recruitment	Not applicable	Not applicable	As required under the Union public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulation 1958.

[No. F. 14/1/72-SW 5(SD)]

T. S. N. SWAMI, Under Secy.

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 25 जून, 1975

(वाणिज्य नौवहन)

सा. का. नि 820.—केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 285 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और वाणिज्य पोत परिवहन (समुद्र में टक्कर का निवारण) विनियम, 1962 को अधिक्रान्त करते हुए, समुद्र में टक्करों के निवारणार्थ निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—इन विनियमों का संक्षिप्त नाम वाणिज्य पोत परिवहन (समुद्र में टक्करों का निवारण) विनियम, 1975 है।

(2) वे उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जिस तारीख को अक्तूबर 1972 के बीसवें दिन को लन्दन में हुए समुद्र में टक्करों का निवारण अन्तर्राष्ट्रीय विनियम अभिसमय 1972 प्रवृत्त होगा।

2. अन्तर्राष्ट्रीय विनियमों का अंगीकार किया जाना :—समुद्र में टक्करों के निवारणार्थ अन्तर्राष्ट्रीय विनियम, 1972 और उनसे उपाबद्ध उपबन्धों को, जो इन विनियमों से संलग्न अनुसूची में उपवर्णित हैं, वे एतद् द्वारा अंगीकृत किया जाता है और केन्द्रीय सरकार द्वारा, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 285 की अधीन विरचित विनियम समझा जायेगा।

अनुसूची

(विनियम 2 देखिए)

समुद्र में टक्करों के निवारणार्थ अन्तर्राष्ट्रीय विनियम 1972

भाग-क साधारण

नियम-1

लागू होना

(क) ये नियम, खुले समुद्रों में तथा उससे संबंधित समुद्रगामी जलयानों के लिए नाव्य सभी समुद्रों में जाने वाले सभी जलयानों को लागू होंगे।

(ख) इन नियमों की कोई भी बात समुचित प्राधिकारी द्वारा पोताश्रयों, बंदरगाहों, नदियों, झीलों या खुले समुद्रों से संबंधित और समुद्रगामी जलयानों के लिए नाव्य अन्तर्देशीय जलमार्गों के लिए बनाये गए विशेष नियमों के प्रचालन में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। जहां तक हो सके ऐसे विशेष इन नियमों के अनुरूप होंगे।

(ग) इन नियमों की कोई भी बात किसी राज्य सरकार द्वारा युद्ध पोतों और कन्वाय के अधीन चलने वाले जलयानों के लिये अतिरिक्त स्टेशन या संकेत प्रकाश या सीटी संकेत के संबंध में या मछली पकड़ने वाले जलयान बेड़े के रूप में मछली पकड़ने में लगे जलयानों के लिए अतिरिक्त स्टेशन या संकेत प्रकाश के संबंध में बनाए गए विशेष नियमों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। ये अतिरिक्त स्टेशन या संकेत प्रकाश या सीटी संकेत, यथासंभव, ऐसे होंगे कि वे इन नियमों के अधीन अन्यत्र प्राधिकृत किसी भी प्रकाश या संकेत के लिए भ्रमपूर्ण नहीं समझे जा सकेंगे।

(घ) संगठन द्वारा इन नियमों के प्रयोजन के लिए यातायात पृथक्करण योजनाओं को अंगीकृत किया जा सकेगा।

(इ) जब कभी संबद्ध सरकार यह अवधारित कर देगी कि विशेष सनिर्माण या प्रयोजन का जलयान, प्रकाशों के आकारों की संख्या, स्थिति, दूरी या दृश्यताधारा तथा ध्वनि-संकेतन साधित्रों की व्यवस्था और विशेषताओं के संबंध में इन नियमों के किसी नियम के उपबंधों का, जलयान के विशेष कार्य में बिना हस्तक्षेप किए, पूर्णतः अनुपालन नहीं कर सकता, तो ऐसा जलयान, प्रकाशों की आकारों की संख्या, स्थिति दूरी या दृश्यताचाप साथ ही ध्वनिसंकेतन में साधित्रों उपबन्धों और विशेषताओं के संबंध में ऐसे अन्य उपबंधों का अनुपालन करेगा जो उसकी सरकार उस जलयान के बारे में इन नियमों के अत्यधिक अनुरूप अवधारित कर देगी।

नियम 2

उत्तरदायित्व

(क) इन नियमों की कोई भी बात किसी जलयान या उसके स्वामी, मास्टर या कर्मीदल को, इन नियमों के अनुपालन में किसी उपेक्षा के या नाविकों के मामूली आचार या मामले की विशेष परिस्थितियों द्वारा अपेक्षित किसी पूर्वाविधानी की उपेक्षा के कारण होने वाले परिणामों से विमुक्त नहीं करेगी।

(ख) इन नियमों का अर्थान्वयन करने और अनुपालन करने में, नौ परिवहन और टक्करों संबंधी सभी खतरों और किन्हीं, विशेष परिस्थितियों की जिनमें संबंधित जलयानों की वे सीमाएं भी सम्मिलित हैं, जिनके कारण तुरन्त खतरा टालने के लिए आवश्यक इन नियमों का अनुसरण न किया जा सके, सम्यक ध्यान दिया जाएगा।

नियम 3

साधारण परिभाषाएं

इन नियमों के प्रयोजन के लिए, जहां संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित हो उस के सिवाय :—

(क) "जलयान" में, ऐसे अविस्थापन जलयान और समुद्रीय विमान, जो समुद्र पर परिवहन के साधन के रूप में प्रयुक्त किया जाता है या प्रयुक्त किए जाने योग्य है, को सम्मिलित करते हुए हर भांति का जलयान सम्मिलित है।

(ख) "शक्ति चालित जलयान", से मशीनरी द्वारा नोदित कोई भी जलयान अभिप्रेत है।

(ग) "पाल जलयान" से पाल द्वारा कोई जलयान अभिप्रेत है, परन्तु यह तब होगा जब कि नोदन मशीनरी का यदि फिट की गई है, प्रयोग नहीं किया जा रहा है।

(घ) "मछली पकड़ने में लगे जलयान" से, ऐसा जलयान अभिप्रेत है, जो ऐसे जालों, रज्जुओं, खींचू जालों या अन्य मछली पकड़ने वाले साधित्रों से मछली पकड़ता है जो स्थिति परिवर्तन करने की क्षमता निर्बन्धित करते हैं, किन्तु इसमें ऐसा जलयान सम्मिलित नहीं है जो ऐसे ट्रालिवाली रज्जुओं या अन्य मछली पकड़ने वाले साधियों से मछली पकड़ता है जो स्थिति परिवर्तन करने की क्षमता निर्बन्धित नहीं करते हैं।

(ङ) "समुद्री विमान" में ऐसा कोई वायुयान सम्मिलित है जो समुद्र पर स्थिति परिवर्तन करने के लिए परिकल्पित है।

(च) "कमानाधीन न रहने वाले जलयान" पद से ऐसा जलयान अभिप्रेत है जो किसी असाधारण परिस्थिति के कारण से इन नियमों द्वारा यथा अपेक्षित स्थिति परिवर्तन करने में असमर्थ है और इस लिए यह दूसरे जलयान के उस मार्ग से हटने में असमर्थ है।

(छ) "स्थिति परिवर्तन करने की अपनी क्षमता में निर्बन्धित जलयान" से ऐसा जलयान अभिप्रेत है जो अपने कार्य की प्रकृति के कारण इन नियमों द्वारा यथा अपेक्षित स्थिति परिवर्तन करने की अपनी क्षमता में निर्बन्धित किया गया है और इस लिए यह दूसरे जलयान के उस मार्ग से हटने में असमर्थ है। निम्नलिखित जलयानों की स्थिति परिवर्तन करने की उनकी क्षमता में निर्बंधित जलयान माना जाएगा :—

(1) नौ परिवहन चिह्न, अन्तःसमुद्री केबल या पाइपलाइन, बिछाने, देखभाल करने या उठाने के कार्य में लगा जलयान,

(2) भ्रमाई, सर्वेक्षण या जलमग्न संक्रियाओं में लगा जलयान,

(3) संपूर्ति में लगा या व्यक्तियों, रसद या स्थोरा के स्थानान्तरण में लगा मार्गस्थ जलयान,

(4) वायुयान को प्लावर्ती करने में या उसकी पुनः प्राप्ति में लगा जलयान,

(5) सुरंग भेदने की संक्रियाओं में लगा जलयान,

(6) ऐसी नौकर्षण संक्रिया में लगा जलयान जिसके कारण वह अपने मार्ग से विचलित होने में असमर्थ हो जाता है।

(ज) "अपने डुबाव के कारण निरुद्ध जलयान" पद में ऐसा शक्तिचालित जलयान अभिप्रेत है जो उपलब्ध जल की गहराई से संबंधित अपने डुबाव के कारण अपने अनुसरण मार्ग से विचलित होने की अपनी क्षमता में कठोरता से निर्बन्धित हो गया है।

(झ) "मार्गस्थ" शब्द से यह अभिप्रेत है कि जलयान लंगर डाले हुए नहीं है या तट पर स्थिर या भूस्थित नहीं है।

(ञ) जलयान की "लम्बाई और चौड़ाई" शब्दों से उसकी कुल लंबाई और अधिकतम चौड़ाई अभिप्रेत है।

(ट) जब एक जलयान से दूसरा जलयान आंखों से देखा जाय तभी दोनों जलयानों को एक दूसरे की दृष्टि में समझा जाएगा।

(थ) "निर्बन्धित दृश्यता" पद से कोई भी दशा अभिप्रेत है जिसमें दृश्यता कुहरा, धुआं, बर्फ गिरने, तूफानी वर्षा, बालुई तूफान या अन्य वैसे ही कारण से निर्बन्धित हो जाती है।

भाग-ख

कर्ण और पाल

नियम

अनुभाग 1-दृश्यता की किसी दशा में जलयानों का संचालन

नियम 4

लागू होना

इस खण्ड के नियम दृश्यता की किसी भी दशा में होते हैं।

नियम 5

अवेक्षण

प्रत्येक जलयान, सभी समयों पर दृष्टि और श्रवण द्वारा, तथा प्रचलित परिस्थितियों तथा दशाओं में सभी उपलब्ध समुचित साधनों द्वारा उचित अवेक्षण करेगा ताकि स्थिति और टक्कर के जोखिम को पूर्णरूप से आंका जा सके।

नियम 6

सुरक्षित गति

प्रत्येक जलयान सभी समयों पर सुरक्षित गति से आगे बढ़ेगा ताकि वह टक्कर से बचने के लिए उचित और प्रभावशील कार्रवाई कर सके और विद्यमान परिस्थितियों तथा दशाओं में समुचित दूरी पर उसे रोका जा सके।

सुरक्षित गति अवधारित करने में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातों पर भी ध्यान दिया जाएगा :

(क) सभी जलयानाओं द्वारा :

(1) दृश्यता की स्थिति;

(2) मछली पकड़ने वाले जलयानों या किन्हीं अन्य जलयानों के अजमाव को सम्मिलित करते हुए यातायात घनत्व ;

(3) विद्यमान दशाओं में रुकने की दूरी तथा मुड़ने की क्षमता के विशेष संदर्भ में जलयान की स्थिति परिवर्तन करने की क्षमता ;

(4) रात्रि के समय पार्श्व प्रकाश का होना, जो तटीय प्रकाशों द्वारा या उसके अपने प्रकाशों द्वारा पार्श्व में फैला प्रकाश ;

(5) वायु, समुद्र तथा प्रवाह की स्थिति और नौ परित्रम परिसंकटों का सामीप्य ;

(6) उपलब्ध जल की गहराई के संदर्भ में डुबाव।

(ख) इसके अतिरिक्त, प्रचालनशील राडार वाले जलयानों द्वारा :

(1) राडार उपस्कर की विशिष्टताएं दक्षता और सीमाएं ;

(2) उपयोग में लाए गए राडार दृश्यता मापी द्वारा अधिरोपित कोई अवरोध ;

(3) समुद्री स्थिति, मौसम और हस्तक्षेप के अन्य स्त्रोतों के बारे में राडारद्वारा पता चलाने का प्रभाव ;

(4) यह संभाव्यता की छोटे जलयान, बर्फ और अन्य प्लवमान वस्तुओं का राडार द्वारा यथोचित दूरी पर पता न चलाया जा सके ;

(5) राडार द्वारा पता चलाए गए जलयानों की संख्या, अवस्थिति और संचलन ;

(6) दृश्यता का अधिक ठीक निर्धारण जो उस समय संभाव्य हो जब सामीप्य के जलयानों या वस्तुओं की दूरी अवधारित करने के लिए राडार प्रयुक्त किया जाता है।

नियम 7

टक्कर की जोखिम

(क) यह अवधारित करने के लिए टक्कर की जोखिम विद्यमान है या कि नहीं, प्रत्येक जलयान यह विद्यमान परिस्थितियों तथा दशाओं के लिए समुचित सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करेगा। यदि किस प्रकार की शंका हो, तो ऐसी जोखिम विद्यमान समझी जाएगी।

(ख) यदि राडार उपस्कर लगा है और चालू है तो ऐसे उपस्कर परिचालन का उचित उपयोग किया जाएगा। इसमें टक्कर के जोखिम और राडार की स्थिति अंकर के बारे में पूर्व चेतावनी अभिप्राप्त करने के लिए लम्बी दूरी क्रम-वीक्षण वीक्षण या पता चलाई गई वस्तुओं के संबंध में समतुल्य क्रमबद्ध से प्रेक्षण भी सम्मिलित है।

(ग) अपर्याप्त सूचना, विशेषतः राडार के बारे में अपर्याप्त सूचना के आधार पर अनुमान नहीं किए जाएंगे।

(घ) यह अवधारित करने में कि टक्कर की जोखिम विद्यमान है या कि नहीं, अन्य तथ्यों के साथ-साथ निम्नलिखित पर भी ध्यान दिया जाएगा:—

(1) यदि निकट आने वाले जलयान के दिक्सूचक धारूक में उल्लेखनीय अन्तर नहीं आता है तो ऐसी जोखिम निकट विद्यमान समझी जाएगी :

(2) कभी-कभी ऐसी जोखिम तब भी विद्यमान रहेगी जब कि कोई उल्लेखनीय धारूक अन्तर प्रत्यक्ष हो, विशेषतः जब वह किसी बहुत बड़े जलयान या टो कि निकट आ रहे हो या जब किसी जलयान से निकट दूरी पर आ रहा हो।

नियम 8

टक्कर से बचने के लिए कार्रवाई

(क) यदि घटना की परिस्थितियां मान्य करें तो टक्कर से बचने के लिए की गई कोई भी कार्रवाई निश्चयात्मक होगी, पर्याप्त समय में और अच्छे नौकौशल के अनुशीलन का सम्यक, ध्यान रखते हुए, की जाएगी।

(ख) यदि घटना की परिस्थितियां मान्य करें तो टक्कर से बचने के लिए मार्ग अ और/या गति में कोई भी परिवर्तन इतना बड़ा होगा कि दृष्टि से या राडार से संप्रेक्षण करने वाले अन्य जलयान के आसानी से दिखाई दे: मार्ग और/या गति के संबंध में बार-बार किए जाने वाले छोटे परिवर्तनों का परिवर्जन किया जाना चाहिए।

(ग) यदि समुद्री कक्ष पर्याप्त हो, तो मार्ग-परिवर्तन ही निकट मुठभेड़ से बचने के लिए एकमात्र अत्यन्त प्रभावी कार्रवाई होगी बशर्ते

कि वह पर्याप्त समय में की गई हो, सावधान हो और इसके परिणामस्वरूप अन्य निकट मुठभेड़ न हो ।

(घ) अन्य जलयान के साथ टक्कर से बचने के लिए की गई कार्रवाई परिणाम सुरक्षित दूरी से जाना होगा । कार्रवाई की प्रभावशीलता की जांच सावधानी पूर्वक तब तक की जाएगी जब तक कि अन्य जलयान पूर्णतया निकल न जाए और मार्ग निर्बाध न हो जाए ।

(ङ) यदि टक्कर से बचने के लिए या स्थिति निर्धारण करने के लिए अधिक समय देने के लिए आवश्यक हो, तो जलयान अपनी गति धीमी करेगा या अपने नोदन के साधनों को रोककर या उनको प्रतिवर्ती करके पूरा रास्ता छोड़ देगा ।

नियम 9

संकीर्ण जलसारणियां

(क) संकीर्ण जल सारणी या जलवाह के पास से आने वाला जलयान अपने को जलसारणी या जलवाह की बाह्य सीमा , जो उसके स्टारबोर्ड की ओर होती है, के पास, जितना सुरक्षित और साध्य हो, रखेगा ।

(ख) 20 मीटर से कम लंबाई का जलयान या पाल जलयान ऐसे जलयान के मार्ग में अड़चन नहीं डालेगा जो केवल संकीर्ण जलसारणी या जलवाह में सुरक्षापूर्वक नौ परिवहन कर सके ।

(ग) मछली पकड़ने में लगा जलयान, संकीर्ण जलसारणी या जलवाह में नौपरिवहन करने वाले किसी अन्य जलयान के मार्ग में अड़चन नहीं डालेगा ।

(घ) कोई भी जलयान संकीर्ण जलसारणी या जलवाह को उस दशा में पार न करेगा जबकि ऐसे पार करने से ऐसे जलयान के मार्ग में अड़चन पड़ती है । जो केवल उसी जलसारणी में सुरक्षित रूप से नौपरिवहन कर सकता है । पश्चातवर्ती जलयान उस दशा में नियम 34(घ) में विहित ध्वनि संकेत का उपयोग कर सकेगा जबकि पार करने वाले जलयान के आशय के बारे में शंका हो ।

(ङ) (1) संकीर्ण जलसारणी या जलवाह में, जब अभिलंघन, उस दशा में हो सकता है जब कि अभिलंघित होने वाले जलयान को सुरक्षित रूप से आगे बढ़ने की अनुज्ञा देने की कार्रवाई करनी हो, तो अभिलंघन करने का इच्छुक जलयान अपना आशय नियम 34(ग)(1) में विहित समुचित ध्वनि संकेत द्वारा उपदर्शित करेगा । यदि अभिलंघित होने वाला जलयान सहमत हो, तो वह नियम 34(ग) (2) में विहित समुचित ध्वनि संकेत करेगा और सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाने की अनुज्ञा देने के लिए कदम उठाएगा । यदि उसे शंका हो, तो वह नियम 34(घ) में विहित ध्वनि संकेत कर सकेगा ।

(2) यह नियम अभिलंघी जलयान को नियम 13 के अधीन उसकी बाध्यता से मुक्त नहीं करता है ।

(च) जलयान ऐसे मोड़ या संकीर्ण जलसारणी या जलवाह को ऐसे क्षेत्र के, जहां अन्य जलयान मध्यवर्ती बाधा के कारण बाधित हो जाए, निकट से जाते समय विशिष्ट सतर्कता और सावधानी से नौपरिवहन करेगा और नियम 34(ङ) में विहित समुचित ध्वनि संकेत करेगा ।

(छ) यदि घटना की परिस्थितियां मान्य करें तो कोई जलयान संकीर्ण जलसारणी में लंगर नहीं डालेगा ।

नियम 10

यातायात पृथक्करण योजनाएं

(क) यह नियम, संगठन द्वारा अपनायी गयी यातायात पृथक्करण योजनाओं को लागू होगा ।

(ख) यातायात पृथक्करण योजना का उपयोग करने वाला जलयान :

(1) समुचित यातायात पथ में उस पथ के लिये निश्चित यातायात प्रवाह के सामान्य दिशा में चलेगा ।

(2) यथासाध्य, किसी यातायात पृथक्करण लाइन या पृथक्करण क्षेत्र को खुला रखेगा ।

(3) प्रसामान्यतः यातायात पथ में पंप के अन्तिम भाग पर प्रवेश करेगा या वहां से बाहर निकल जाएगा परन्तु, पार्श्व से प्रवेश करते या बाहर निकलते समय यातायात प्रवाह की सामान्य दिशाओं में, यथासाध्य, लघु कोण बनाते हुए ऐसा करेगा ।

(ग) जलयान, यथासाध्य, यातायात पथों को पार नहीं करेगा परन्तु, यदि ऐसा करना बाध्य हो, तो वह यातायात प्रवाह की सामान्य दिशा में, यथासाध्य, निकटतम समकोण पर पार करेगा ।

(घ) सीधे यातायात द्वारा जिससे निकटवर्ती यातायात पृथक्करण योजना में समुचित यातायात पथ का सुरक्षित रूप से उपयोग किया जा सके, तट के निकट के यातायात क्षेत्रों का प्रसामान्यतः उपयोग न किया जा सके ।

(ङ) पार करने वाले जलयान से भिन्न जलयान ।

(1) तत्काल संकट से बचने के लिए आपाती मामलों; और

(2) पृथक्करण क्षेत्र के भीतर मछली पकड़ने में लगने, के सिवाय प्रसामान्यतः

(च) यातायात पृथक्करण योजनाओं के अन्त भागों के निकटवर्ती क्षेत्रों में नौ परिवहन करने वाला जलयान विशिष्ट सावधानी से नौपरिवहन करेगा ।

(छ) जलयान, यथासाध्य यातायात पृथक्करण योजना या उसके अन्त भागों के निकटवर्ती क्षेत्रों में लंगर नहीं डालेगा ।

(ज) वह जलयान, जो यातायात पृथक्करण योजना का उपयोग नहीं करता है, यथासाध्य विस्तृत अन्तर रखकर उससे बच सकेगा ।

(झ) मछली पकड़ने में लगा जलयान यातायात पथ का अनुसरण करने वाले किसी जलयान के मार्ग में अड़चन न डालेगा ।

(ञ) 20 मीटर से कम लंबाई का जलयान या पाल जलयान यातायात पथ का अनुसरण करने वाले शक्ति-चालित जलयान के सुरक्षित मार्ग में अड़चन डालेगा ।

अनुभाग 2—एक दूसरे के दृष्टिपथ में आने वाले जलयानों का आचरण

नियम 11

लागू होना

इस खण्ड के नियम एक दूसरे के दृष्टिपथ में आने वाले जलयानों को लागू हों।

नियम 12

पाल जलयान

(क) जब दो पाल जलयान एक दूसरे के निकट आ रहे हों और उससे टक्कर की जोखिम हो तो उनमें से एक अपने को दूसरे के मार्ग से निम्नप्रकार से दूर रखेगा :

(1) जब हर जलयान को भिन्न दिशाओं के वात प्रवाह का अनुभव करना पड़ रहा हो तब पत्तनमुख वात वाला जलयान, अपने को दूसरे जलयान के मार्ग से दूर रखेगा।

(2) जब दोनों जलयानों को एक ही दिशा के वात प्रवाह का अनुभव करना पड़ रहा हो तब वह जलयान, जो वाताभिमुख हो अपने को उस जलयान के मार्ग से दूर रखेगा जो अनुवात में हो।

(3) यदि पत्तनमुख वात वाला जलयान वाताभिमुख जलयान को देखता हो और निश्चितता से अवधारित न कर सके कि क्या अन्य जलयान को पत्तनमुख या स्टारबोर्ड की ओर वात का सामना करना पड़ रहा हो तो वह स्वयं को दूसरे के मार्ग से दूर रखेगा।

(ख) इस नियम के प्रयोजनों के लिए वाताभिमुख बाजू वह समझा जाएगा जो उस बाजू, जिस तरफ मुख्य पाल वहन किया जाता हो, के विरुद्ध हो या, खेरवाह वर्दी जलयान के मामले में, वह बाजू समझी जाएगी जो उस बाजू, जिस तरफ बड़ा भारी आगे से पीछे तक पाल वहन किया जा रहा हो, के विरुद्ध हो।

नियम 13

अभिलंघन

(क) इस खंड के नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी किसी अन्य जलयान को अभिलंघन करने वाला कोई जलयान, अपने को अभिलंघित जलयान के मार्ग से दूर रखेगा।

(ख) किसी जलयान को उस दशा में अभिलंघी जलयान समझा जाएगा जब कि दूसरा जलयान उसके घरन के पीछे से 22.5° से अधिक की दिशा से आता हो, अर्थात्, जिस जलयान को वह अभिलंघित कर रहा हो उस के संदर्भ में ऐसी स्थिति में हो कि रात्रि में वह उस अभिलंघित जलयान की केवल पृष्ठभाग की प्रकाश देख सके परन्तु उसकी कोई भी बगल प्रकाश न देख सके।

(ग) जब किसी जलयान को यह शंका हो कि क्या वह दूसरे जलयान को अभिलंघित कर रहा हो या कि नहीं, तो वह यह मान लेगा कि वह अभिलंघन करने की ही स्थिति में हो, और तदनुसार कार्य करेगा।

(घ) दो जलयानों के बीच बियरिंग का कोई पश्चात्वर्ती परिवर्तन अभिलंघी जलयान को, इन नियमों के अर्थ में पार करने वाला जलयान न बनाएगा या तब तक उसे अभिलंघित जलयान से अलग रहने के कर्तव्य से मुक्त नहीं करेगा जब तक कि वह अंतिम रूप से चला नहीं जाता और मार्ग निर्बाध न हो जाए।

नियम 14

परस्पराभिमुख स्थिति

(क) जब दो शक्ति-चालित जलयान पारस्परिक या लगभग पारस्परिक दिशा में मिलते हों और उससे टक्कर की जोखिम हो तो हर एक अपनी दिशा स्टारबोर्ड की ओर परिवर्तित करेगा ताकि प्रत्येक एक दूसरे के पत्तन की ओर निकल जाये।

(ख) जब एक जलयान दूसरे जलयान को आगे की ओर या लगभग आगे की ओर देखता है और रात के समय वह दूसरे की मस्तूल प्रकाश एक रेखा में या लगभग एक रेखा में और/या दोनों पार्श्व प्रकाश देख सकता है तथा दिन के समय वह दूसरे जलयान के तत्सामानपहलू को देख सकता है तो यह समझा जाएगा कि ऐसी स्थिति विद्यमान है।

(ग) जब किसी जलयान को यह शंका है कि क्या ऐसी स्थिति विद्यमान है या कि नहीं तो वह यह मान लेगा कि ऐसी स्थिति विद्यमान है और तदनुसार कार्यवाई करेगा।

नियम 15

पारक स्थिति

जब दो शक्ति-चालित जलयान पार करते हों और उससे टक्कर की जोखिम हो तो वह जलयान जिसकी स्वयं अपने स्टारबोर्ड की ओर दूसरा जलयान है अपने को दूसरे जलयान के मार्ग से दूर रखेगा और यदि घटना की परिस्थितियां मान्य करें को वह दूसरे जलयान से आगे की ओर जाने से बचेगा।

नियम 16

मार्ग से हटने वाले जलयान द्वारा कार्यवाई

प्रत्येक जलयान जिसे इन नियमों द्वारा दूसरे जलयान के मार्ग से हटने के लिये निदेश दिया गया है यावत्संभव मार्ग पूर्ण निर्बाध रखने के लिये शीघ्र और सारवान कार्यवाई करेगा।

नियम 17

मार्गाधिकारी जलयान द्वारा कार्यवाई

(क) (i) जहां इन नियमों के किसी नियम द्वारा दो जलयानों में से एक को मार्ग दूर रखना होता है वहां दूसरा अपनी दिशा तथा गति जारी रखेगा :

(ii) तथापि जैसे ही दूसरे जलयान को स्पष्ट हो जाता है कि जिस जलयान से मार्ग से दूर रहना अपेक्षित है वह इन नियमों के अनुपालन में समुचित कार्यवाई नहीं कर रहा है तो वह टक्कर से बचने के लिये अकेले ही अपनी स्थिति परिवर्तन द्वारा कार्यवाई कर सकेगा।

(ख) जब वह जलयान जिससे अपनी दिशा और गति जारी रखने की अपेक्षा की गई है किसी कारणवश अपने को इतने निकट पाया है कि केवल मार्ग से हटने वाले जलयान की कार्यवाई से टक्कर से बचा नहीं जा सकता तो वह ऐसी कार्यवाई करेगा जो टक्कर से बचने के लिये सर्वोत्तम सहायता देगी।

(ग) वह शक्ति चालित जलयान जो दूसरे शक्ति-चालित जलयान से टक्कर से बचने के लिये इस नियम के उप-पैरा (क) (ii) के अनुसार पारको स्थिति में कार्यवाई करता है यदि घटना की परिस्थितिया मान्य करे तो ऐसे जलयान के लिये जो अपने पत्तन की ओर है अपने पत्तन तक जाने के लिये दिशा परिवर्तित नही करेगा।

(घ) यह नियम मार्ग से हटने वाले जलयान को मार्ग से दूर रहने की उसकी बाध्यता मुक्त नही करता।

नियम 18

जलयानों के एक दूसरे के प्रति उत्तरदायित्व

वहां के सिवाय जहां नियम 9, 10 और 13 मे अन्यथा अपेक्षित है :—

(क) मार्गस्थ शक्ति-चालित जलयान .

(i) ऐसे जलयान के जो कमान के अधीन नही है ,

(ii) ऐसे जलयान के जो स्थिति परिवर्तन करने की अपनी क्षमता में निर्बन्धित है ;

(iii) ऐसे जलयान के जो मछली पकड़ने में लगा है;

(iv) पाल जलयान के,

मार्ग से अपने को दूर रखेगा।

(ख) मार्गस्थ पाल जलयान :

(i) ऐसे जलयान के जो कमान के अधीन नही है;

(ii) ऐसे जलयान के जो स्थिति के परिवर्तन करने की अपनी क्षमता में ऐसे जलयान के जो मछली पकड़ने में लगा है,

मार्ग से अपने को दूर रखेगा।

(ग) मछली पकड़ने में लगा जलयान जब मार्गस्थ हो

(i) ऐसे जलयान के जो कमान के अधीन नहीं है;

(ii) ऐसे जलयान के जो अपनी स्थिति परिवर्तन करने की क्षमता में निर्बन्धित है,

मार्ग से अपने को दूर रखेगा।

(घ) (i) यदि घटना की परिस्थितियां मान्य करें तो ऐसा कोई जलयान जो उस जलयान से भिन्न है जो कमान के अधीन नही है या जो स्थिति परिवर्तन करने की अपनी क्षमता में निर्बन्धित है नियम 28 के संकेत दिखा कर अपने दुबाव से निरुद्ध जलयान के सुरक्षित मार्ग में अड़चन न डालेगा;

(ii) ऐसा जलयान जो अपने दुबाव के कारण निरुद्ध है अपनी विशेष स्थिति को पूर्णत ध्यान में रखते हुए विशिष्टि सावधानी के साथ नौपरिवहन करेगा।

(ङ) ऐसा समुद्री विमान जो समुद्र पर है सामान्यत: सभी जलयानों से पूर्ण निबंधि रहेगा और उनके नौपरिवहन में अड़चन नही डालेगा। तथा तथापि ऐसी परिस्थितियों में जहां टक्कर का खतरा विद्यमान है वह इस भाग के नियमों का अनुपालन करेगा।

अनुभाग—iii—निर्बन्धित दृश्यता की दशा में जलयानों का आचरण।

नियम 19

(क) यह नियम ऐसे जलयानो को लागू होता है जो एक दूसरे को उस दशा म दृष्टिगोचर नही होते है जबकि वे निर्बन्धित दृश्यता के क्षेत्र में या उसके निकट नौपरिवहन कर रहे हों।

(ख) प्रत्येक जलयान निर्बन्धित दृश्यता की विद्यमान परिस्थितियो और दशाओ के अनुकूल सुरक्षित गति से आगे बढ़ेगा। शक्ति-चालित जलयान के इंजन तुरन्त स्थिति परिवर्तन के लिये तैयार रहेंगे।

(ग) प्रत्येक जलयान जब वह इस भाग के खंड 1 के नियमों का अनुपालन कर रहा हो निर्बन्धित दृश्यता की विद्यमान परिस्थितियों और दशाओं का सम्पर्क ध्यान रखेगा।

(घ) ऐसा जलयान जो दूसरे जलयान की उपस्थिति का केवल रडार द्वारा पता लगाता है यह अवधारित करेगा कि क्या निकट मुठभेड की स्थिति बढ रही है और क्या टक्कर का खतरा विद्यमान है। यदि ऐसा हो तो वह पर्याप्त समय मे बचने की कार्यवाई करेगा परन्तु जब ऐसी कार्यवाई में दिशा-परिवर्तन भी आता हो तो निम्नलिखित से यथासभव बचा जाएगा :

(i) अभिप्रधीन किए जाने वाले जलयान से भिन्न बीम के आगे जाने वाले जलयान के सबंध में पत्तन की ओर जाने वाली दिशा में परिवर्तन;

(ii) बीम के आगे या पीछे की ओर के जलयान की ओर दिशा परिवर्तन।

(ङ) सिवाय वहा के जहां यह अवधारित किया गया है कि टक्कर की जोखिम विद्यमान नही है प्रत्येक जलयान जो अपने बीम के आगे के अन्य जलयान का कोहरा संकेता स्पष्ट रूप से सुनता है या जो अपने बीम के आगे के अन्य जलयान के साथ निकट मुठभेड़ से नही बच सकता है अपनी ऐसी न्यूनतम गति करेगा जिस पर वह अपनी दिशा की ओर चल सकेगा और यदि आवश्यक हो तो वह अपने समस्त मार्ग से दूर रहेगा और किसी भी दिशा में तब तक वह अत्यन्त सावधानी के साथ नौपरिवहन करेगा जब तक टक्कर का खतरा टल नही जाता।

भाग—ग—प्रकाश और आकृतिया

नियम 20

लागू होना

(क) इस भाग के नियमो का अनुपालन सभी मौसमों मे किया जाएगा।

(ख) प्रकाशों सबधित नियमों का अनुपालन सूर्यास्त से सूर्योदय तक किया जाएगा और ऐसे समयों के बीच ऐसे प्रकाशो के जो इन नियमों मे विनिर्दिष्ट प्रकाशों से अन्यथा नही समझे जा सकते है या उनकी दृश्यता या विशिष्ट लक्षणो को क्षीण नही करते है या समुचित अवलोप रखने में हस्तक्षेप नही करती है वे सिवाय कोई अन्य प्रकाश नही प्रदर्शित किए जाएगे।

(ग) इन नियमों द्वारा विहित प्रकाश भी यदि साथ ही निर्बन्धित दृश्यता में सूर्यास्त से सूर्योदय तक प्रदर्शित किए जायेंगे और जब यह आवश्यक समझा जाए तब अन्य सभी परिस्थितियों में प्रदर्शित किए जा सकेंगे।

(घ) आकृतियों से संबंधित नियमों का अनुपालन दिन में किया जाएगा।

(ङ) इन नियमों में विनिर्दिष्ट प्रकाश और आकृतियां इन विनियमों का उपाबंध 1 के उपबंधों का अनुपालन करेंगी।

हनयत

नियम 21

परिभाषाएं

(क) "मस्तूल प्रकाश" से ऐसा सफेद प्रकाश अभिप्रेत है जो जलयान के आगे से पीछे तक की मध्य रेखा पार रखी जाती है और 225° के क्षैतिज चाप के ऊपर निरन्तर प्रकाश दिखाता है और इस प्रकार लगाया जाता है जिससे प्रकाश ठीक सामने से बीम के पीछे की ओर 22.5° पर जलयान के दोनों पार्श्वों में से किसी ओर प्रकाश दिखाई दे।

(ख) "पार्श्व प्रकाश" से सी स्टारबोई का हरा प्रकाश और पत्तन बाजू का लाल प्रकाश अभिप्रेत है और प्रत्येक 112.5° के क्षैतिज चाप के ऊपर निरन्तर प्रकाश दिखाता है और इस प्रकार लगाया जाता है जिससे वह ठीक सामने से बीम के पीछे की ओर 22.5° पर उसके दोनों पार्श्व की ओर दिखायी दे। 20 मीटर से कम लंबाई के जलयान में पार्श्व प्रकाश जलयान के आगे पीछे मध्य की रेखा पर वहन किये गए एक लालटेन में संयुक्त की जा सकेगी।

(ग) "पृष्ठभाग प्रकाश" से ऐसा सफेद प्रकाश अभिप्रेत है जो यथा साध्य निकटतम पृष्ठभाग पर रखा जाता हो और 135° के क्षैतिज चाप के ऊपर निरन्तर प्रकाश दिखाता है और इस प्रकार लगाया जाता है जिससे ठीक पीछे से 67.5° पर जलयान के प्रत्येक ओर प्रकाश दिखाई दे।

(घ) "नौकर्षण प्रकाश" से ऐसा पीला प्रकाश अभिप्रेत है जिसके लक्षण वही होंगे जो इस नियम के पैरा (ग) में परिभाषित "पृष्ठभाग प्रकाश" के हैं।

(ङ) "चारों ओर से दिखाई देने वाला प्रकाश" से ऐसा प्रकाश अभिप्रेत है जो 360° के क्षैतिज चाप के ऊपर निरन्तर प्रकाश दिखाता है।

(च) "कौंध प्रकाश" से ऐसा प्रकाश अभिप्रेत है जो प्रति मिनट 120 या उससे अधिक कौंध की आवृत्ति पर नियमित अन्तराल पर कौंध जाता है।

नियम 22

प्रकाशों की दृश्यता

इन नियमों में विहित प्रकाशों की तीव्रता वह होगी जो इन विनियमों के उपाबंध 1 के अनुभाग 8 में यथा विनिर्दिष्ट है जिससे निम्न न्यूनतम दूरियों पर दृश्यमान हो सके :

(क) 50 मीटर या उससे अधिक लंबाई के जलयानों में :

————एक मस्तूल प्रकाश	6 मील;
————एक पार्श्व प्रकाश	3 मील;
————एक पृष्ठभाग का प्रकाश,	3 मील;
————एक नौकर्षण प्रकाश,	3 मील;

(ख) 12 मीटर या उससे अधिक परन्तु 50 मीटर से कम लंबाई के जलयानों में :

————एक मस्तूल प्रकाश, 5 मील, सिवाय उसके जहां कि जलयान की लंबाई 20 मीटर से कम हो, वहां 3 मील,	
————एक पार्श्व प्रकाश,	2 मील;
———— एक पृष्ठभाग प्रकाश	2 मील;
————एक नौकर्षण प्रकाश	2 मील;
————चारों ओर से दिखाई देने वाला एक सफेद लाल, हरा या पीला प्रकाश	2 मील,

(ग) 12 मीटर से कम लंबाई के जलयानों में :

————एक मस्तूल प्रकाश	2 मील;
————एक पार्श्व प्रकाश	1 मील;
————एक पृष्ठभाग का प्रकाश	2 मील;
————एक नौकर्षण प्रकाश	2 मील;
————चारों ओर से दिखाई देने वाला एक सफेद, लाल, हरा या पीला प्रकाश,	2 मील।

नियम 23

मार्गस्थ शक्ति चालित जलयान

(क) मार्गस्थ शक्ति चालित जलयान निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा :

(i) एक अग्र मस्तूल प्रकाश,

(ii) एक अग्र मस्तूल प्रकाश के पीछे और उससे अधिक ऊंचाई पर द्वितीय मस्तूल प्रकाश, सिवाय इसके कि 50 मीटर से कम लंबाई का जलयान ऐसा प्रकाश प्रदर्शित करने के लिये बाध्य नहीं होगा परन्तु वह ऐसा कर सकता है;

(iii) पार्श्व प्रकाश;

(iv) एक पृष्ठभाग प्रकाश,

(ख) वायु तत्व जलयान जब वह अविस्थापन ढंग से प्रचालन करता है, इस नियम के पैरा (क) में विहित प्रकाशों के अतिरिक्त चारों ओर कौंध जाने वाला एक पीला प्रकाश प्रदर्शित करेगा;

(ग) 7 मीटर से कम लंबाई का शक्ति चालित जलयान जिसकी अधिकतम गति 7 नाट से अधिक न हो, इस नियम के पैरा (क) में विहित प्रकाशों के बदले में चारों ओर से दिखाई देने वाला एक सफेद प्रकाश प्रदर्शित कर सकेगा यदि साध्य हो, तो ऐसा जलयान पार्श्व प्रकाश भी प्रदर्शित करेगा।

नियम 24

नौकर्षण तथा ढकेलना

(क) जब शक्ति चालित जलयान नौकर्षण करता है तब वह नियम निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा :

(i) नियम 23 (क) (i) में विहित प्रकाश के बदले एक खड़ी रेखा में दो अग्र मस्तूल प्रकाश जब नौकर्षण की लंबाई, नौकर्षण करने वाले जलयान के पृष्ठभाग से नौकर्षण के दूसरे अंत तक मापने पर 200 मीटर से अधिक हो, तब एक खड़ी रेखा में ऐसे तीन प्रकाश,

(ii) पार्श्व प्रकाश ;

(iii) पृष्ठभाग प्रकाश;

(iv) पृष्ठभाग प्रकाश के ऊपर एक खड़ी रेखा में एक नौकर्षण प्रकाश;

(v) जब नौकर्षण की लंबाई 200 मीटर से अधिक हो, तब एक विषमकोण समचतुर्भुज की आकृति जहां से वह स्पष्ट दिखायी दे।

(ख) जब ढकेलने वाला जलयान और आगे ढकेले जाने वाला जलयान एक संयुक्त एकक में दृढ़ता से संलग्न होते है तब वे एक शक्ति चालित जलयान के रूप में माने जाएंगे और नियम 23 में विहित प्रकाश प्रदर्शित करेंगे।

(ग) शक्ति चालित जलयान जब आगे ढकेलता है या बाजू में नौकर्षण करता है, तब वह संयुक्त एकक के मामले में के सिवाय निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा :

(i) नियम 23 (क) (i) में विहित प्रकाश के स्थान पर एक खड़ी रेखा में दो अग्र मस्तूलप्रकाश,

(ii) पार्श्व प्रकाश,

(iii) एक पृष्ठ भाग प्रकाश।

(घ) शक्ति चालित जलयान, जिसे इस नियम के पैरा (क) और (ग) लागू होते है, नियम 23 (क) (ii) का भी अनुपालन करेगे।

(ङ) नौकर्षित किया जाने वाला जलयान या वस्तु निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा .

(i) पार्श्व प्रकाश;

(ii) एक पृष्ठभाग प्रकाश,

(iii) जब नौकर्षण की लंबाई 200 मीटर से अधिक हो, तब एक विषमकोण समचतुर्भुज की आकृति वहां, जहां से वह स्पष्ट दिखायी दे।

(च) परन्तु एक समूह में नौकर्षित या ढकेले जाने वाले कई जलयानों को एक जलयान मानकर प्रकाशित किया जायेगा :

(i) आगे ढकेले जाने वाला, जलयान, जो संयुक्त एकक का भाग न हो, अगले भाग के अंत में, पार्श्व प्रकाश प्रदर्शित करेगा ;

(ii) बाजू में नौकर्षित होने वाला जलयान एक पृष्ठभाग की प्रकाश और अगले भाग के अंत में, पार्श्व प्रकाश प्रदर्शित करेगा।

(छ) जहां किसी पर्याप्त कारण से नौकर्षित किए जाने वाले जलयान या वस्तु के लिये इस नियम के पैरा (ङ) में विहित प्रकाश प्रदर्शित करना असाध्य हो, वहां नौकर्षित किए गए जलयान या वस्तु को प्रकाशित करने का कम-से-कम अप्रकाशित जलयान या वस्तु की उपस्थिति उपदर्शित करने के लिये सभी संभव उपाय किए जायेंगे।

नियम 25

मार्गस्था पाल जलयान तथा चप्पूओं से चलने वाले जलयान

(क) मार्गस्थ पाल जलयान निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा :

(i) पार्श्व प्रकाश;

(ii) एक पृष्टभाग प्रकाश।

(ख) 12 मीटर से कम लंबाई के पाल जलयान में इस नियम के पैरा (क) में विहित प्रकाश मस्तूल के सिरे पर या उसके निकट लगाये जाने वाले एक लालटेन में वहां संयुक्त किया जा सकेगा, जहां से वह स्पष्ट दिखायी दे।

(ग) मार्गस्थ पाल जलयान, इस नियम के पैरा (क) में विहित प्रकाश के अतिरिक्त, चारों ओर से दिखाई देने वाली एक खड़ी रेखा में दो प्रकाश, जिनमें से ऊपर का प्रकाश लाल और नीचे का प्रकाश हरा होगा, मस्तूल या उसके निकट वहां प्रदर्शित कर सकेगा जहां से वे स्पष्ट दिखायी दे, परन्तु ये प्रकाश इस नियम के पैरा (ख) द्वारा अनुज्ञेय संयुक्त लालटेन के सहयोजन में नहीं प्रदर्शित किए जायेंगे।

(घ) (i) यदि साध्य हो तो, 7 मीटर से कम ऊंचाई का पाल जलयान, इस नियम के पैरा (क) या (ख) में विहित प्रकाश प्रदर्शित करेगा, परन्तु यदि वह ऐसा न करे तो, उस जलयान में सफेद प्रकाश दिखाने वाली पूर्णत: तैयार एक विद्युत् टार्च या प्रकाश लालटेन तैयार रखी जाएगी जिसे टक्कर को निवारित करने के लिये पर्याप्त समय में प्रदर्शित किया जायेगा;

(ii) चप्पूओं से चलने वाला जलयान, इस नियम में पाल जलयान के लिये विहित प्रकाश प्रदर्शित कर सकेगा, परन्तु यदि वह ऐसा न करे तो उस जलयान में सफेद प्रकाश दिखाने वाली पूर्णत: तैयार एक विद्युत् टार्च या लालटेन रखी जायेगी जिसे टक्कर को निवारित करने के लिये पर्याप्त समय में प्रदर्शित किया जायेगा।

(ङ) पाल से चलने वाला जलयान जब मशीनरी से भी नोदित होता है, तब वह अग्र भाग को, जहां से वह स्पष्ट दिखायी दे, शंकु की आकृति में, जिसका शीर्ष नीचे हो, प्रदर्शित करेगा।

नियम 26

मछली पकड़ने वाले जलयान

(क) मछली पकड़ने मे लगा जलयान, चाहे मार्गस्थ हो या लंगर डाले हुए हो, केवल वही प्रकाश और आकृतिया प्रदर्शित करेगा जो इस नियम में निहित है।

(ख) जलयान जब ट्रालिंग मे लगा हुआ हो, अर्थात् जो ऐसे निकर्षण जाल या अन्य साधित्र जो मछली पकड़ने वाले साधित्र के रूप मे प्रयुक्त होता है, पानी से घसीटने मे लगा हो, निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा।

(1) एक खडी रेखा में चारो ओर दिखाई देने वाले दो प्रकाश जिनमे से ऊपर का प्रकाश हरा और नीचे का प्रकाश सफेद होगा या एक ऐसी आकृति होगी जिसमे दो शकु जिनके शीर्ष एक खड़ी रेखा मे एक दूसरे के ऊपर एक साथ होगे, 20 मीटर से कम लबाई के जलयान मे, इस आकृति के स्थान पर टोकरी प्रदर्शित की जा सकती है ।

(2) मस्तूल प्रकाश चारो ओर मे दिखाई देने वाले हरे प्रकाश के पीछे और उससे अधिक ऊचाई पर होगा, 50 मीटर से कम लबाई का जलयान ऐसे प्रकाश प्रदर्शित करने के लिये बाध्य नही होगा, परन्तु वह ऐसा कर सकता है।

(3) पानी मे चलते समय, इस पैरा मे विहित प्रकाशो के अतिरिक्त बगल प्रकाश और पृष्ठ भाग प्रकाश।

(ग) ट्रालिंग से भिन्न मछली पकड़ने में लगा जलयान निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा।

(1) एक खड़ी रेखा मे चारो ओर से दिखाई देने वाले दो प्रकाश जिनसे ऊपर का प्रकाश लाल और नीचे का प्रकाश सफेद होगा या एक ऐसी आकृति होगी जिसमे दो शकु जिनके शीर्ष एक खड़ी, एक दूसरे के ऊपर रेखा मे एक साथ होगे, 20 मीटर से कम लबाई के जलयान मे, इस आकृति के स्थान पर टोकरी प्रदर्शित की जा सकती है।

(2) जब दूरस्थ गीयर जलयान मे क्षितिजीयता 150 मीटर से अधिक लबाई का हो, तब चारो ओर से दिखाई देने वाली सफेद प्रकाश होगा या एक शंकु होगा जिसका शीर्ष गीयर की दिशा मे ऊपर की ओर होगा।

(3) पानी मे चलते समय, इस पैरा मे विहित प्रकाशो के अतिरिक्त पार्श्व प्रकाश और पृष्ठ भाग प्रकाश।

(घ) अन्य जलयानो के निकट सामर्थ्य मे मछली पकड़ने मे लगा जलयान, इन विनियमो के उपाबध 2 मे वर्णित अतिरिक्त सकेत प्रदर्शित कर सकेगा।

(ङ) जब जलयान मछली पकड़ने मे नही लगा हो तब वह इस नियम मे विहित प्रकाश या आकृतिया नही प्रदर्शित करेगा परन्तु केवल उन्ही को प्रदर्शित करेगा जो उसकी लबाई के जलयान के लिये विहित है।

नियम 27

ऐसे जलयान जो कमानाधीन नहीं है या जो स्थिति परिवर्तन करने की क्षमता मे निर्बन्धित है ।

(क) जो जलयान कमानाधीन नही है वह निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा :

(1) एक खडी रेखा मे चारो ओर मे दिखाई देने वाले दो लाल प्रकाश वहा, जहा से वे स्पष्ट दिखाई दे,

(2) एक खडी रेखा मे दो गोल या वैसी ही आकृतिया वहा, जहा से वे स्पष्ट दिखाई दे,

(3) पानी मे चलते समय इस पैरा मे विहित प्रकाश के अतिरिक्त पार्श्व प्रकाश और एक पृष्ठ भाग प्रकाश।

(ख) सुरग भेदने की सक्रियाओ मे लगे जलयान के सिवाय कोई जलयान जो स्थिति परिवर्तन करने की अपनी क्षमता मे निबन्धित है, निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा।

(1) एक खडी रेखा मे चारो ओर से दिखाई देने वाले तीन प्रकाश वहा, जहा से वे स्पष्ट दिखाई दे। इन प्रकाशो मे से सबसे ऊपर का और सबसे नीचे के प्रकाश लाल होगे तथा मध्य प्रकाश सफेद होगा।

(2) एक खड़ी रेखा मे तीन आकृतिया जहा से वे स्पष्ट दिखाई दे। इन आकृतियो मे से सब से ऊपर और सब से नीचे की आकृतियां वृत्ताकार और मध्य की विषमकोण समचतुर्भुज कोण आकृति की होगी,

(3) पानी मे चलते समय उप पैरा (1) मे विहित प्रकाशो के अतिरिक्त मस्तूल प्रकाश, पार्श्व प्रकाश और एक पृष्ठ भाग का प्रकाश,

(4) जब लगर डाले हुए हो तब उप पैरा (1) और (2) मे विहित प्रकाशो या आकृतियो के अतिरिक्त नियम 30 मे विहित प्रकाश या आकृति।

(ग) नौकार्मण-सक्रिया में लगा जलयान, जिसके कारण वह अपने मार्ग मे विचलित होने मे असमर्थ हो जाता है, इस नियम के उप पैरा (ख) (1) और (2) मे विहित प्रकाशो या आकृतियों के अतिरिक्त नियम 24(क) मे विहित प्रकाश या आकृतिया प्रदर्शित करेगा।

(घ) झनाई या जलमग्न सक्रियाओ में लगा जलयान, जब स्थिति परिवर्तन करने की अपनी क्षमता में निर्बन्धित होता है, इन नियम के पैरा (ख) मे विहित प्रकाश और आकृतिया प्रदर्शित करेगा और जब बाधा विद्यमान हो तो इनके अतिरिक्त निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा :

(1) एक खडी रेखा मे चारो ओर से दिखाई देने वाली दो लाल प्रकाश या दो वृत्त वह दिशा उपदर्शित करने के लिये होगे जिस ओर बाधा है,

(2) एक खडी रेखा में चारो ओर से दिखाई देने वाले दो हरे प्रकाश या दो विषमकोण समचतुर्भुज की आकृतिया वह दिशा उपदर्शित करने के लिये होगी जिस ओर अन्य जलयान जा सकेगा,

(3) पानी मे चलते समय इस पैरा मे विहित प्रकाशो के अतिरिक्त मस्तूल प्रकाश, पार्श्व प्रकाश और एक पृष्ठ भाग प्रकाश,

(4) ऐसा जलयान जिसको यह पैरा लागू होता है, जब लगर डाले हुए है, तब वह नियम 30 मे विहित प्रकाश या आकृतियो के स्थान पर उप पैरा (1) और (2) मे विहित प्रकाश या आकृतिया।

(ङ) जब कभी गोता लगाने की सक्रियाओ में लगे जलयान के आकार के कारण इस नियम के पैरा (घ) मे विहित आकृतिया प्रदर्शित करना असाध्य हो जाती है, तब अन्तर्राष्ट्रीय संहिता सकेत 'क' की एक अप्रवर्तनीय प्रतिकृति, जो ऊंचाई मे 1 मीटर से कम न हो, प्रवर्तित की जायेगी, की ओर से उनकी दृश्यता सुनिश्चित करने के लिये उपाय किये जायेगे।

(च) सुरंग भेदन की सक्रियाओं में तथा जलयान, नियम 23 में शक्ति चालित जलयान के लिये विहित प्रकाशों के अतिरिक्त चारों ओर से दिखाई देने वाले तीन हरे प्रकाश या तीन गोले प्रदर्शित करेगा। इन प्रकाश या आकृतियों में से अगले मस्तूल के सिरे पर या उसके निकट और यार्ड के अग्र भाग के हर सिरे पर प्रदर्शित की जाएगी। ये प्रकाश या आकृतियां यह उपदर्शित करेंगी कि किसी अन्य जलयान के लिये इस सुरंग भेदी पोत के पीछे 1,000 मीटर से निकट या किसी भी बगल की ओर 500 मीटर से निकट आना खतरनाक है।

(छ) 7 मीटर से कम लंबाई के जलयानों से इस नियम में विहित प्रकाश प्रदर्शित करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

(ज) इस नियम में विहित संकेत संकटग्रस्त और सहायता चाहने वाले जलयानों के संकेत नहीं है। ऐसे संकेत इन विनियमों के उपाबंध 4 में अन्तर्विष्ट हैं।

नियम 28

निरुद्ध जलयान

अपने ड्राफ्ट के कारण

अपने ड्राफ्ट के कारण निरुद्ध जलयान, नियम 23 में शक्ति चालित जलयानों के लिये विहित प्रकाशों के अतिरिक्त एक खड़ी रेखा में चारों ओर से दिखाई देने वाला या बेलनाकार तीन लाल प्रकाश नहीं प्रदर्शित करेगा जहां से वह स्पष्ट दिखाई दे।

नियम 29

पायलट जलयान

(क) पायलट के कार्य में लगा जलयान निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा :

(1) मस्तूल शीर्ष पर या उसके निकट, एक खड़ी रेखा में चारों ओर से दिखाई देने वाले दो प्रकाश जिनमें से ऊपर का प्रकाश सफेद और नीचे का प्रकाश लाल होगा;

(2) जब मार्गस्थ हो तब इनके अतिरिक्त, बगल प्रकाश और एक पृष्ठ भाग प्रकाश,

(3) जब लंगर डाले हुए हो तब उप पैरा (1) में विहित प्रकाशों के अतिरिक्त लंगर प्रकाश, प्रकाश या आकृति।

(ख) जब मार्गदर्शक जलयान मार्गदर्शन के कार्य में नहीं लगा है तब वह अपनी लंबाई के समान जलयान के लिये विहित प्रकाश या आकृतियां प्रदर्शित करेगा।

नियम 30

लंगर डाले हुए और भूस्थित जलयान

(क) लंगर डाले हुये जलयान वहां निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा जहां से वह स्पष्ट दिखाई दे :

(1) अग्रभाग में, चारों ओर से दिखाई देने वाली एक सफेद बत्ती या एक गोला,

(2) पृष्ठ भाग में या उसके निकट और उप पैरा (1) में विहित प्रकाश से नीचे के स्तर पर चारों ओर से दिखाई देने वाला एक सफेद प्रकाश।

(ख) 50 मीटर से कम लंबाई का जलयान, इस नियम के पैरा (क) में विहित प्रकाशों के स्थान पर चारों ओर से दिखाई देने वाला एक सफेद प्रकाश वहां प्रदर्शित करेगा जहां से वह स्पष्ट दिखाई दे।

(ग) लंगर डाले हुए जलयान, और 100 तथा उससे अधिक मीटर की लंबाई वाला जलयान, अपनी डैका को प्रकाशित करने के लिये उपलब्ध कार्यकरण या समतुल्य प्रकाशों का भी उपयोग करेगा।

(घ) भूस्थित जलयान इस नियम के पैरा (क) या (ख) में विहित प्रकाश प्रदर्शित करेगा और इनके अतिरिक्त वहां पर कि निम्नलिखित प्रदर्शित करेगा जहां से वे स्पष्ट दिखाई दें :

(1) एक खड़ी रेखा में चारों ओर से दिखाई देने वाले दो लाल प्रकाश।

(2) एक खड़ी रेखा में तीन गोले।

(ङ) 7 मीटर से कम लंबाई का जलयान, जब लंगर डाले हुये हो या भूस्थित हो और जब कि वह संकीर्ण जलसारणी, जलमार्ग या लंगर स्थान, या जहां अन्य जलयान प्रसामान्यतः नौ परिवहन करते है, उन स्थानों में या उनके निकट नहीं हो, तब उसमें इस नियम के पैरा (क), (ख) या (घ) में विहित प्रकाश या आकृतियां प्रदर्शित करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

नियम 31

समुद्री विमान

जहां समुद्री विमान के लिये इस भाग के नियमों में विहित लक्षणों की या स्थितियों में प्रकाश और आकृतियां दिखाना असाध्य हो, जहां तक वह संभव हो, वहां तक वैसे ही लक्षणों की और स्थितियों में प्रकाश और आकृतियां प्रदर्शित करेगा।

भाग घ—ध्वनि तथा प्रकाश संकेत

नियम 32

परिभाषाएं

(क) "सीटी" शब्द से ऐसा ध्वनि संकेतन उपकरण अभिप्रेत है, जो विहित सीटियां उत्पन्न करने में समर्थ हो और जो इन विनियमों के उपाबंध 3 में के विनिर्देशों के अनुरूप हो।

(ख) "छोटी सीटी" पद से लगभग एक सेकेण्ड की अवधि की सीटी अभिप्रेत है।

(ग) "लम्बी सीटी" पद से चार से छः सेकण्ड की अवधि की सीटी अभिप्रेत है।

नियम 33

ध्वनि संकेतों के लिए उपस्कर

(क) 12 या उससे अधिक मीटर की लंबाई के जलयान में एक सीटी और एक घंटी की व्यवस्था की जाएगी और 100 या उससे अधिक मीटर की लंबाई के जलयान में, इसके अतिरिक्त, एक बड़ी घंटी की व्यवस्था की जाएगी जिसकी आवाज तथा ध्वनि और घंटी की आवाज तथा ध्वनि में संभ्रांति न हो, सीटी, घंटी और बड़ी घंटी इन विनियमों के उपाबंध 3 में विहित विशिष्ट विनिर्देशों के अनुरूप हो। घंटी या बड़ी घंटी या दोनों के स्थान पर ऐसा अन्य उपस्कर रखा जा सकेगा जिसका क्रमशः वही संबंधित ध्वनि विशिष्टियां होंगी, परन्तु अपेक्षित संकेतों को करतल ध्वनि सदैव सभाव्य होगी।

(ख) 12 मीटर से कम लंबाई के जलयान को इस नियम के पैरा (क) में विहित ध्वनि संकेतन उपकरण वहन करना बाध्यकर नहीं होगा, परन्तु यदि वह ऐसा न करे, तो उसमें कुछ ऐसे अन्य साधनों की व्यवस्था की जाएगी जो प्रभाव पूर्ण ध्वनि संकेत कर सके।

नियम 34

स्थिति-परिवर्तन और चेतावनी के संकेत

(क) जब जलयान एक दूसरे की दृष्टि में आते हैं, तब मार्गस्थ शक्ति चालित जलयान, इन नियमों के अनुसार तथा प्राधिकृत या अपेक्षित, स्थिति परिवर्तन करते समय, सीटी पर निम्नलिखित संकेतों द्वारा उपस्थिति परिवर्तन को उपदर्शित करेगा :

—एक छोटी सीटी से अभिप्रेत है मैं अपना मार्ग स्टार बोर्ड की ओर बदल रहा हूं,

—दो छोटी सीटियों से यह अभिप्रेत है मैं अपना मार्ग पत्तन की ओर बदल रहा हूं,

—तीन छोटी सीटियों से अभिप्रेत है मैं पृष्ठ भाग का नोदन चला रहा हूं।

(ख) कोई जलयान इस नियम के पैरा (क) में विहित सीटी-संकेतों के साथ प्रकाश-संकेतों का भी प्रबंध कर सकेगा जो स्थिति परिवर्तन किये जाते समय उचित रूप में दोहराए जाएंगे :

(1) इन प्रकाश-संकेतों का निम्नलिखित महत्व होगा :

—एक प्रकाश कौंध से अभिप्रेत है मैं अपना मार्ग स्टारबोर्ड की ओर बदल रहा हूं,

—दो प्रकाश कौंध से अभिप्रेत है मैं अपना मार्ग पत्तन की ओर बदल रहा हूं,

—तीन प्रकाशकौंध से अभिप्रेत है, मैं पृष्ठ भाग का नोदन चला रहा हूं।

(2) प्रत्येक प्रकाश कौंध की अवधि लगभग एक सैकेण्ड की होगी, व प्रकाश कौंधों का अन्तराल लगभग एक सैकेण्ड का होगा, और लगातार संकेतों का अन्तराल दस सैकंड से कम न होगा,

(3) इस संकेत के लिये प्रयुक्त प्रकाश, यदि लगाया जाए, चारों ओर से दिखाई देने वाला सफेद प्रकाश होगा जो कम से कम 5 मील की दूरी से दिखाई दे और उपाबंध 1 के उपबन्धों के अनुरूप होगा।

(ग) जब जलयान संकीर्ण जलमरणी या जलवाह में एक दूसरे की दृष्टि में हों :

(1) तब अन्य जलयान से आगे निकलने का आशय रखने वाला जलयान नियम 9 (ङ) (1) के अनुपालन में अपना आशय अपनी सीटी पर निम्न संकेतों द्वारा उपदर्शित करेगा :

—दो लंबी सीटियों के पश्चात् एक छोटी सीटी जिससे अभिप्रेत है मैं तुम्हारे स्टारबोर्ड की ओर आगे जाने का इच्छुक हूं,

—दो लंबी सीटियों के पश्चात् दो छोटी सीटियां, जिससे अभिप्रेत है मैं तुम्हारे पत्तन की ओर आगे जाने का इच्छुक हूं।

(2) नियम 9 (ङ) (1) के अनुसार अभिधिसित होने वाला जलयान अपनी सीटी पर निम्न संकेतों द्वारा अपनी सहमति उपदर्शित करेगा :

—एक लंबी, एक छोटी, एक लंबी और एक छोटी सीटी, इसी क्रम में।

(घ) जब एक दूसरे की दृश्यता में आने वाले जलयान एक दूसरे की ओर बढ़ते हैं और किसी कारणवश दोनों में से कोई जलयान दूसरे जलयान के आशय या कार्यवाहियां न समझ सके, या उसे यह शंका हो कि अन्य जलयान ने टक्कर से बचने के लिये पर्याप्त कार्रवाई की है या नहीं, तो वह जलयान जिसे शंका हो, तुरन्त अपनी सीटी से पांच छोटी और त्वरित सीटियां देकर तुरन्त ऐसी शंका उपदर्शित करेगा। ऐसे संकेत के अतिरिक्त कम से कम पांच छोटे और त्वरित कोधों के प्रकाश संकेत भी होंगे।

(ङ) जहां अन्य जलयान बीच में आने वाली बाधा से स्पष्ट दिखाई नहीं देते हैं, वहां मोड़ या जलमरणी या जलवाह के क्षेत्र की ओर बढ़ने वाला जलयान, लंबी सीटी बजाएगा। ऐसे संकेत का प्रत्युत्तर निकट आने वाले किसी जलयान द्वारा, जबकि वह मोड़ के आसपास में या मध्यवर्ती बाधा के पीछे श्रवण-क्षेत्र में हो, एक लंबी सीटी से दिया जाएगा।

(च) यदि जलयान पर सीटियां 100 मीटर से अधिक अंतर पर लगायी गई हों, तो स्थिति परिवर्तन करने और चेतावनी-संकेत देने के लिये केवल एक ही सीटी का उपयोग किया जायेगा।

नियम 35

निर्बन्धित दृश्यता में ध्वनि-संकेत

निर्बन्धित दृश्यता के क्षेत्र में या उसके निकट वाले दिन में या रात में, जो संकेत इस नियम में विहित हैं वे निम्न प्रकार प्रयुक्त किये जायेंगे :

(क) शक्ति चालित जलयान पानी में चलते समय 2 मिनट से अनधिक अन्तरालों पर एक लंबी सीटी बजाएगा।

(ख) शक्ति-चालित जलयान जब चलते चलते रुक जाए और पानी में आगे न बढ़ पाए, तब वह 2 मिनट से अनधिक के अन्तरालों पर लगातार दो लम्बी सीटी बजाएगा किन्तु इनके बीच का अन्तराल लगभग 2 सैकेण्ड का होगा।

(ग) कमान के अधीन न होने वाला जलयान, स्थिति-परिवर्तन करने की सामर्थ्य में निर्बन्धित जलयान, स्वयं अपने से निरुद्ध जलयान, पाल जलयान, मछली पकड़ने में लगा जलयान और नौकर्षण या दूसरे जलयान को ढकेलने के कार्य में लगा जलयान इस नियम के पैरा (क) या (ख) में विहित संकेतों के बजाए दो मिनट से अधिक के अन्तराल पर लगातार तीन सीटियों, अर्थात् एक लंबी सीटी और उसके पश्चात् दो छोटी सीटियां बजाएगा।

(घ) नौकर्षित जलयान या यदि एक से अधिक जलयान नौकर्षित हों, तो प्रति नौकर्षित जलयान, दो मिनट से अनधिक के अन्तराल पर लगातार चार सीटियां, अर्थात् एक लंबी सीटी के पश्चात् तीन छोटी सीटियां बजाएगा। जब साध्य हो, वह संकेत नौकर्षण करने वाले जलयान द्वारा दिये गये संकेत के तुरन्त पश्चात् दिया जाएगा।

(ङ) जब ढकेलने वाला जलयान और ढकेले जाने वाला जलयान एक साथ संयुक्त दृढ़ता से जुड़े हुए हों तो उन्हें शक्ति चालित जलयान की तरह समझा जायेगा और वे इस नियम के पैरा (क) या (ख) में विहित संकेत देंगे।

(च) लंगर डाला हुआ जलयान, एक मिनट से अनधिक के अन्तराल पर लगभग 5 सैकेन्ड तक तेजी से घंटी बनाएगा। 100 मीटर या उससे अधिक लंबाई के जलयान में उसके अग्रभाग में घंटी बनाई जाएगी और इस घंटी के बनाए जाने के तुरन्त

पश्चात् जलयान के पीछे के भाग में बड़ी घंटी तेजी से लगभग 5 सेकंड तक बजायी जाएगी। लंगर डाला हुआ जलयान, इसके अतिरिक्त निकट आने वाले जलयान को अपनी स्थिति तथा संभाव्य टक्कर की संभावना की सूचना देने के लिये, लगातार तीन सीटियां अर्थात् छोटी एक लंबी और एक छोटी सीटी बजाएगा।

(छ) भूस्थित जलयान घंटी संकेत देगा और यदि अपेक्षित हो, तो वह इस नियम के पैरा (च) में विहित बड़ी घंटी का संकेत देगा तथा इसके अतिरिक्त घंटी के तेजी से बजने से ठीक पहले और पश्चात तीन पृथक और सुभिन्न घंटी ध्वनि करेगा। भूस्थित जलयान, इसके अतिरिक्त समुचित सीटी संकेत देगा।

(ज) 12 मीटर से कम लंबाई के जलयान को उपर्युक्त संकेत देना बाध्यकर नहीं होगा, परन्तु, यदि वह ऐसा न करे, तो वह 2 मिनट से अनधिक के अन्तराल पर कुछ अन्य प्रभावपूर्ण सक्षम ध्वनि संकेत करेगा।

(झ) मार्गदर्शक जलयान जब मार्गदर्शन कार्य में लगा हो, इस नियम के पैरा (क), (ख) या (घ) में विहित संकेतों के अतिरिक्त चार छोटी सीटियों का परिचय-संकेत दे सकेगा।

नियम 36

ध्यान आकर्षित करने के लिये संकेत

यदि दूसरे जलयान का ध्यान आकर्षित करना आवश्यक हो, तो कोई भी जलयान ऐसे प्रकाश या ध्वनि संकेत कर सकेगा जो इन नियमों में अन्यत्र प्राधिकृत कोई अन्य संकेत नहीं समझे जा सकते हों या अपनी सर्चलाइट की बीम को इस प्रकार खतरे की दिशा में कर सकेगा जिससे किसी जलयान को परेशानी न हो।

नियम 37

संकट संकेत

जब कोई जलयान संकट में हो और सहायता चाहता हो, तब वह इन विनियमों के उपबन्ध 5 में विहित संकेतों का उपयोग या प्रदर्शन करेगा।

भाग ङ छूट

नियम 38

छूट

कोई जलयान, (या जलयानों का वर्ग) तब जब कि यह समुद्र में टक्करनिवारण के लिये अन्तर्राष्ट्रीय विनियम, 1960 का अनुपालन करता हो, इन विनियमों के प्रवृत्त होने से पूर्व, जिसका नौतल डाला गया हो या जिसका निर्माण तत्सम अवस्था में हो, उसका अनुपालन करने से निम्न प्रकार छूट पा लेंगे।

(क) नियम 22 में विहित दूरियों पर तब तक प्रकाशों का संस्थापन जब तक कि इन विनियमों को लागू करने की तारीख के पश्चात् चार वर्ष न बीत जाएं।

(ख) इन विनियमों के उपाबन्ध 1 के खण्ड 7 में यथाविहित रंग-विनिर्देशों सहित प्रकाशों का तब तक संस्थापन जब तक कि इनको लागू करने की तारीख के पश्चात् चार वर्ष न बीत जाएं।

(ग) साम्राज्यिक से मैट्रिक एकक में और मापकों के पूर्णांक में संपरिवर्तन के परिणाम स्वरूप प्रकाशों के पुनर्स्थापन करने से स्थायी छूट।

(घ) (1) उपबन्ध (क) में विहित बातों के परिणामस्वरूप 150 मीटर से कम लंबाई के जलयान पर मस्तूल प्रकाशों के पुनर्स्थापन करने से स्थायी छूट।

(2) इन विनियमों के उपबन्ध 1 से खण्ड 3 (क) में विहित बातों के परिणाम स्वरूप 150, या उससे अधिक मीटर की लंबाई के जलयान पर मस्तूल प्रकाशों का पुनर्स्थापन, जब तक कि इन विनियमों के प्रवृत्त होने की तारीख के पश्चात् नौ वर्ष न बीत जाएं।

(ङ) उपाबन्ध 1 के खंड 2 (ख) में विहित बातों के परिणाम स्वरूप मस्तूल-प्रकाशों का पुनर्स्थापन, जब तक कि इन विनियमों के लागू होने की तारीख से नौ वर्ष न बीत जाएं।

(च) उपाबन्ध 1 के खंड (ख) में विहित बातों के परिणाम स्वरूप पार्श्व प्रकाशों का पुनर्स्थापन जब तक इन विनियमों के लागू होने की तारीख से नौ वर्ष न बीत जाए।

(छ) उपाबन्ध 3 में विहित ध्वनि-संकेत उपकरण की अध्यपेक्षाएं, जब तक कि इन विनियमों के लागू होने की तारीख से नौ वर्ष न बीत जाएं।

उपाबन्ध 1

प्रकाशों तथा आकृतियों का स्थितिकरण और तकनीकी विवरण

1 परिभाषा :

पद हल के ऊपर की ऊंचाई से परमोच्च डेक ऊपर की ऊंचाई अभिप्रेत है।

2. प्रकाशों का सीधी खड़ी रेखा में स्थितिकरण और अन्तर :

(क) 20 या उससे अधिक मीटर की लंबाई के शक्ति चालित जलयान पर मस्तूल प्रकाश निम्नप्रकार रखे जाएंगे :—

(1) अग्र मस्तूल शीर्ष बत्ती या यदि केवल एक हो मस्तूल शीर्ष बल्ली वहन की गयी हो, तो वह बत्ती हल के ऊपर, 6 मीटर से अन्यून की ऊंचाई पर, और यदि जलयान की चौड़ाई 6 मीटरों से अधिक हो, तो हल के ऊपर ऐसी ऊंचाई पर, जो ऐसी चौड़ाई से कम न हो, तथापि इस प्रकार कि प्रकाश को हल से 12 मीटर से अधिक ऊंचाई पर रखने की आवश्यकता नहीं है।

(2) जब दो मस्तूल शीर्ष प्रकाश वहन किये जाते हैं, तो दूसरा प्रकाश अग्र प्रकाश से सीधी खड़ी दिशा में कम से कम 4.5 मीटर अधिक ऊंचाई पर होगा।

(ख) शक्ति चालित जलयानों के मस्तूल प्रकाशों का सीधी खड़ी दिशा में अन्तर ऐसा होना चाहिए जिसे प्रवाह की सब सामान्य स्थितियों में दूसरा प्रकाश पृष्ठ भाग में देखे जाने पर अग्र प्रकाश के ऊपर और पृथक तथा समुद्र सतह से 1000 मीटर की दूरी पर हो।

(ग) 12 मीटर के परन्तु 20 मीटर से कम लंबाई के शक्ति चालित जलयान का मस्तूल शीर्ष प्रकाश, गनवाल के ऊपर 2.5 मीटर के अन्यून की ऊंचाई पर रखी जायेगी।

(घ) 12 मीटर से कम लंबाई का शक्ति-चालित जलयान सबसे ऊंचा प्रकाश गनवाल के ऊपर 2.5 मीटर से अन्यून की ऊंचाई पर वहन

